Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to set up a Mega Food Park and Food Processing Research Centre in Pratapgarh Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh

कुँवर हरिवंश सिंह (प्रतापगढ़) ः सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में एक भी मेगाफूड पार्क की स्थापना अभी तक नहीं हुई है। मेरा संसदीय क्षेत्र जनपद प्रतापगढ़ (उ.प्र.) के पिछड़े जनपदों में एक है, जहां आंवला, बेल, आम आदि के उत्पादन के साथ-साथ सब्जियों का वृहद् रूप में उत्पादन करने में यह जनपद अग्रणी रहा है। वर्तमान में किसानों द्वारा कई टन उत्पादन के बावजूद बाजार में लागत मूल्य प्राप्त नहीं हो पा रहा है। किसान फलदार वृक्षों को काटने पर मजबूर हैं, केंद्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा संरक्षण व उत्पादन बढ़ाने व प्रसंस्करण उत्पादन तैयार करने के लिए खाद्य एवं प्रसंस्करण मंत्रालय द्वारा भी उत्तर प्रदेश में मेगाफूड पार्क के लिए अभी तक कोई नीतिगत पहल भी नहीं की जा रही है।

किसान हित में मेरा अनुरोध है कि इन फलों के प्रसंस्करण हेतु एक मेगाफूड पार्क तथा अनुसंधान केंद्र की स्थापना की जाये। मेगाफूड पार्क की स्थापना से इन फलों व सब्जियों के उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि इनकी गुणवत्ता में भी सुधार होगा। इनसे बने प्रसंस्कृत खाद्य वस्तुं देश के दूसरे राज्यों में भी निर्यात की जा सकेगी क्योंकि यह पौधे फल एवं औऐधीय गुणों के लिए प्रसिद्ध हैं।

मैं यह मांग करता हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र प्रतापगढ़ (उ.प्र.) में यहां कोई उद्योग स्थापित नहीं है। किसानों के हित में एक मेगाफूड पार्क व अनुसंधान केद्र की स्थापना की जाये, जिससे प्रतापगढ़ सहित पड़ोसी जनपदों के लाखों किसान जहां लाभान्वित होंगे, वहीं हजारों बेरोज़गार लोगों को रोज़गार भी प्राप्त हो सकेगा।